卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 342 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦20 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444862
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## महिला आरक्षण बिल पर घमासान

### लोकसभा में बिल पर हुई चर्चा, कांग्रेस ने किया समर्थन का ऐलान

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।आज नई संसद में कार्यवाही के के दूसरे दिन लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा हुई। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने लोकसभा में बिल के प्रावधानों के बारे में सदन में जानकारी दी। इसके बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने ऐलान किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल का समर्थन करती है। हालांकि, उन्होंने जातिगत जनगणना कराकर एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का प्रावधान इस बिल में किया जाए। हालांकि, इस पर जवाब देते हुए बीजेपी



सांसद निशिकांत दुबे ने पूछा कि कांग्रेस ने निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण क्यों नहीं दिया था? मेघवाल ने मंगलवार को महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पेश किया था। इस पर चर्चा के लिए सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक 7 घंटे का समय तय किया गया है। कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने लोकसभा में अपनी बात रखी। वहीं, बीजेपी की ओर से बोलने वालों में स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमण और दीया कुमारी के नाम शामिल हैं। बिल पर हंगामा होने के भी आसार हैं। महिला आरक्षण बिल पर सियासत भी तेज (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेताओं की कठपुतली बन गये हैं अधिकारी: रावत

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विधायक मदन बिष्ट के बहाने प्रदेश की नौकरशाही पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने अधिकारियों पर विपक्षी नेताओं के फोन नहीं उठाने और उन्हें सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मलाईदार और महत्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारी इस सोच के साथ विपक्षी नेताओं के फोन नहीं उठाते कि कहीं सरकार में बैठे हुए लोग उनसे नाराज नहीं हो जाएं। फेसबुक पोस्ट में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यह अकेले विधायक मदन बिष्ट की समस्या नहीं है, यह शिकायत हर विपक्षी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता की है। अधिकारियों को हमेशा यह डर सताता है कि यदि भाजपा तक यह खबर पहुंच गई कि उन्होंने विपक्षी नेता का फोन उठाकर आदर सत्कार किया तो फिर उनकी विदाई तय है। हरीश रावत ने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## रील बनाते समय गौला में गिरी महिला, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। फिरोजाबाद से मासूम बच्चे के साथ घूमने के लिए रिश्तेदारी में काठगोदाम आई एक महिला गौला नदी में रील बनाते नदी में जा गिरी और नदी के तेज बहाव में बह गई। महिला की नदी में बहने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडी आरएफ और जल पुलिस ने महिला की तलाश की जहां महिला का शव घटना स्थल से कुछ दूरी पर बरामद किया। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद निवासी शिवानी का विवाह करीब एक वर्ष पहले हुआ था। उसका एक मासूम बच्चा भी है। वह काठगोदाम स्थित अपने किसी रिश्तेदारी में घूमने के लिए आई थी। बताया जाता है कि शिवानी गौला नदी में खड़ा होकर फोटो वीडियो बना रही थी। इस दौरान नदी में अचानक भारी मात्रा में



पानी आने से वह नदी में बह गई। बताया जा रहा है कि शिवानी काठगोदाम बैराज से आगे रेलवे लाइन को जाने वाली नहर की ओर बहती गई। उसे पानी में बहता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस के साथ-साथ एसडी आरएफ और जल पुलिस मौके पर पहुंची। सभी ने बहते पानी में महिला को खोजने का प्रयास किया। काफी देर बाद महिला का शव घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर शीशमहल के पास मिला। पुलिस ने महिला के शव को नहर से बाहर निकाल कर कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी आ गए और उनमें कोरहाम मच गया।

## स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी, कई घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के एक प्रतिष्ठित स्कूल की बस बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हुए मार्ग में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे बस में सवार बच्चों समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई। अचानक हुई इस दुर्घटना में किसी बच्चे या स्कूल स्टाफ को अधिक चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार स्कूल की बस लालकुआं से बच्चे लेकर आज प्रात: 7 बजे हल्द्वानी की ओर को जा रही थी। जैसे ही बस लालकुआं में डिपो संख्या चार के सामने पहुंची तभी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर खाई में पलट गई। बताया जाता है उस समय बस में चार बच्चे, स्कूल स्टाफ, आया और ड्राइवर सवार थे। बच्चों एवं अन्य को हल्की-फुल्की खरोचों के अलावा कोई चोट नहीं आई। मौके पर पहुंचे लोगों व पुलिस ने शीशे तोड़कर सभी को बस से बाहर निकाला तथा बच्चों को सुरक्षित घर ले जाया गया। इस दौरान कई लोगों ने बस चालक पर नशे में होने के आरोप भी लगाए। चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उक्त घटना से जहां क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं बच्चों, एवं स्कूल स्टाफ में दहशत पैदा हो गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## पुनर्वास के लिए व्यापारियों ने एनएच कार्यालय घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले करीब छह माह का समय बीत जाने के बाद भी दुकान के लिए स्थान न उपलब्ध कराये जाने से रोषित लोहिया मार्केट व नेहरू मार्केट के सैकड़ों उजाड़े गये व्यापारियों ने आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में अंगद देव काम्पलैक्स स्थित एनएच कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। कार्यालय में किसी भी अधिकारी के न मिलने पर व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए खरी खोटी सुनाई। संजय का आरोप है कि आज से करीब छह माह पूर्व लोहिया मार्केट व मेहरू मार्केट के व्यापारियों को यह कहकर उजाड़ा गया





था कि उनके लिए उपयुक्त स्थान पर दुकानों के लिए भूमि चिन्हित कर सौंप दी जायेगी। उन्होंने कहा कि तमाम जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों ने भी उन्हें भूमि देने का भरोसा दिया था। परंतु अभी तक व्यापारियों को कुछ भी हासिल नहीं हुआ और न ही मार्ग का चौड़ी करण ही किया गया। यह व्यापारियों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि सिर्फ व्यापारियों के साथ ही उत्पीड़ात्मक कार्यवाही क्यों की गई। मुख्य मार्ग पर एसएसपी कार्यालय, कोतवाली, दूरसंचार कार्यालय, डाकघर, नगर निगम, रोड़वेज, शराब भट्टी आदि भवनों को किस अधिकारी के इशारे पर छोड़ दिया गया। सिर्फ व्यापारियों के उत्पीड़न के पीछे कौन रिमोट चला रहा है । इसका जवाब व्यापारी मांग रहे हैं। उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संजय ने कहा कि यदि उजाड़े गये सभी व्यापारियों को दुकानों के लिए भूमि शीघ्र उपलब्ध नहीं कराई गई तो व्यापारी संघर्ष करने के लिए रणनीति बनाने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन प्रशासन एवं सम्बधित विभागीय अधिकारियों की होगी। इस दौरान आशू ग्रोवर, नंद किशोर, इदरीस, सुनील जडवानी, इकराम मियां, श्याम धींगरा, सिरासजुद्दीन, किशन खुराना, सोनू बांगा, नरेन्द्र चावला, (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध यार्ड में एसओजी टीम ने मारा छापा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में फाइनेंस की गाड़ियां खींचने वालों की गुंडागर्दी किसी से छिपी नहीं है। न कोई नियम और न कोई कानून । कानून भी खुद भी खुद इनका होता है, एक किस्त टूटी नहीं की गुंडों ने गाड़ी खींच ली। ऐसे मामले पुलिस के पास भी पहुंचते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती, जिससे इनके हौसले बुलंद हो जाते हैं। मंगलवार को रुद्रपुर के भदईपुरा स्थित एक यार्ड पर एसओजी ने छापेमारी की है। बताया जा रहा की यार्ड में करीब एक हजार गाड़ियां खड़ी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो 200 गाड़ियों के कागजात यार्ड में मौजूद नहीं हैं। मतलब साफ कि इतनी





गाड़ियां अवैध रुप से खींची गई है। बाद में एसएसपी मंजूनाथ टिसी भी यार्ड में पहुंचे। बताया जा रहा यार्ड अवैध रुप से संचालित हो रहा है। पुलिस की जांच के बाद इसमें बड़ा खुलासा हो सकता है।

## पत्रकार कमल की माता का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तरांचल दर्पण के छायाकर कमल राजपाल की माता जी श्रीमती बसंती राजपाल का बुधवार प्रात: निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य काफी समय से ठीक नहीं था। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान समता आश्रम गली से राजपुरा श्मशान घाट गई। अंतिम यात्रा में महेन्द्र अधिकारी, डॉ.अतुल राजपाल, प्रेम मदान, राजकुमार आनंद, प्रदीप कक्कड़, प्रदीप सबरवाल के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद थे। वहीं आज से कुछ दिन पूर्व उनके बड़े भाई इंद्रपाल राजपाल का भी निधन हो गया था। राजपाल परिवार में पिछले 18 दिनों के अंदर दो निधनों की खबरों से पूरे शहर में शौक लहर है। कमल राजपाल द्वारा बताया गया उठावानी संस्कार 22 सितंबर दिन शुक्रवार को विष्णुपुरी दुर्गा मंदिर में दोपहर 3 से 4 बजे तक का रखा गया है। उनके निवास स्थान (शेष पृष्ठ सात पर)



# जिलाधिकारी ने सितारगंज में सुनी जन समस्याएं

सितारगंज (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को महाराज अग्रसेन धर्मशाला में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन, सड़क, बिजली, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, पीएम आवास योजना में आवास चाहने आदि से सम्बन्धित 69 शिकायतें एवम मांग पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं का व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी कार्य संस्कृति तथा व्यवहार से जनता में और अधिक विश्वास पैदा करें ताकि फरियादी निचले स्तर की समस्याएं लेकर उच्चाधिकारियों के पास फरियाद लेकर न पहुँचे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसी स्तर पर समस्या का समाधान हो जाना चाहिए। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन सम्स्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें ।प्रमुख समस्याओं में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष भाष्कर सम्मल ने विडोरा में आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं निर्माण कराने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय विडोरा के कक्षों की मरम्मत तथा सौन्दर्यकरण कराने तथा पालतू पशुओं की अधिकतवा वाला क्षेत्र होने के कारण पशु चिकित्सालय संचालित कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी की मरम्मत हेतु 2 लाख रूपये तक स्टीमेंट शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश बाल विकास विभाग को, विद्यालय में जीर्ण-शीर्ण कक्ष की मरम्मत हेतु आगणनत प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने पशु चिकित्सालय संचालन हेतु भूमि प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिये। राजेश कुमार ने नन्दा-गौरा योजनान्तर्गत खाते में सुधार बावजूद भी धनराशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने बाल विकास विभाग को सम्बन्धित बैंक से समन्वय कर, धनराशि ट्रान्सफर की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सुप्रिया कॉलोनी वासियों ने जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जल निकासी हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्रीनवुड कॉलोनी वासियों ने पागल कुत्तो को पकड़वाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के सहयोग से पागल कुत्तों को पकड़ने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिये। इसके साथ ही विभिन्न व्यक्तियों द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्र में दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आपसी समन्वय से कैम्प लगाने के निर्देश समाज कल्याण तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने पेयजल की समस्या के समबन्ध में बताया कि शहर में पेयजल आपूर्ति हेतु टैंक तथा पेयजल लाइन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि दैवीय आपदा में क्षितग्रस्त पुलियों तथा सड़क मरम्मत हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किये जाये ताकि समय से बजट जारी हो सके। उन्होंने पीएम आवास योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार रखने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। तहसील दिवस में बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, तहसीलदार पंकज चन्द सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।





# पोषण माह में इंटर कालेज व प्राथमिक विद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पोषण माह माय प्लेट माय न्यूट्रिशन के उपलक्ष में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय फौजी मटकोटा में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोषण माह मिशन के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक मनाये जा रहे पोषण माह के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय फौजी मटकोटा में खेल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पोषण अभियान मोटे अनाज और स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित आदि विषयों पर पोस्टर बनाए। वहीं ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की क्षेत्र समन्वयक सुनीता गोस्वामी और अनुज सिन्हा ने छात्रों को पोषण का महत्व बताते हुए कुपोषण दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज का सेवन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि हमारे स्थानीय मोटे अनाज में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। इनके सेवन से एनीमिया और कुपोषण से लड़ा जा सकता है। जंक फूड और बाहर के खाने से बचना चाहिए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोशनी, द्वितीय स्थान वर्षा एवं विनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता, द्वितीय स्थान कशिश एवं तृतीय स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय से प्रथम स्थान विधि, द्वितीय स्थान अमनदीप कौर तथा तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया। सुनीता गोस्वामी ने विद्यालय की सभी छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शरीर में एनीमिया की कमी होने के कारण,लक्षण व हम उसे कैसे पहचान व बच सकते हैं उसके बारे में छात्राओं को पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रोटीन युक्त चीजें जैसे दाल मूंग, मसूर दाल मेथी, तिल और धनिया जैसे बीज एनीमिया के रोगियों के लिए काफी सहायक होते हैं। क्योंकि ये आयरन और महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। एनिमिया की समस्या में अनार, आंवला, संतरा, अंजीर, सेब जैसे फलों और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ विद्यालय की प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समय-समय पर आकर विद्यालय की छात्राओं जानकारी दी जाती है व कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिससे छात्रों का मनोबल और बढ़ता है। उन्होंने विद्यालय के लिए ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन को लाभप्रद बताया।



# प्रशिक्षु रिक्रूट फायर वूमेन को दिया फायर प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददता)।मुख्य अग्निशमन अधिकारी उधम सिंह नगर ईशान कटारिया के दिशा निर्देशों के अनुपालन में अग्निशमन अधिकारी गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा फायर स्टेशन रुद्रपुर के समस्त कर्मचारियों को साथ में लेकर 31 वीं वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षण ले रही फायर वुमनों को फायर स्टेशन परिसर का भ्रमण कराया गया। साथ ही समस्त रिक्रूटों को कार्यालयों, वाचरूम, स्टोर, एमटी कार्यालय का भ्रमण करा कर कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही समस्त वाहनों एवं उपकरणों के बारे में उचित जानकारियां देने के साथ उक्त उपकरणों का प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर फायर सर्विस चालक मदन सिंह द्वारा एमटी कार्यालय, वाहनों व उपकरणों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, लीडिंग फायरमैन चंद्रप्रकाश द्वारा स्टोर संबंधी जानकारी दी गई व फायरमैन प्रशांत सिंह द्वारा वाच रूम की जानकारी दी गई। रिक्रूटों को फायरमैन के कर्तव्यों से भी अवगत कराया गया। मौके पर प्रशिक्षण इंडोर प्रभारी अग्निशमन द्वितीय अधिकारी गोपाल सिंह रावत व अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।



# श्याम संकीर्तन के सफल आयोजन पर जताया आभार

गदरपुर (उद संवाददाता)।गत शनिवार को हुए बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन को देख पूरा नगर श्याममय हो गया। नगर के वार्ड नं 7 के युवा समाजसेवी एवं श्याम प्रेमी सन्दीप बत्रा ने कहा कि कोई माने या ना माने हर वर्ष बाबा श्याम अपने होने का एहसास करा देते है। उन्होंने कहा इस वर्ष बाबा श्याम के श्रृंगार को देख आँखे नम हो गई। मानो बाबा साक्षात सामने बैठे हों। हर पल सबका साथ देने वाले बाबा श्याम ने अपनी लीलाओं से सबका मन मोह लिया।सन्दीप बत्रा ने श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में होने वाले वार्षिक संकीर्तन महोत्सव की सराहना करते हुए पूरे मित्र मंडल को बधाई दी साथ ही श्याम मित्र मण्डल को सदैव साथ देने वाले सामाजिक राजनैतिक धार्मिक संगठनों का भी आभार प्रकट किया है जिन्होंने हमेशा श्याम मित्र मंडल का हौसला बढ़ाया है।उन्होंने श्याम सकीर्तन में आये रामपुर, बिलासपुर, रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, किच्छा, लालकुआं, खटीमा से आये श्याम प्रेमियों का भी धन्यवाद किया जिन्होंने हमेशा बाबा श्याम के सकीर्तन में हाजरी लगाने की इच्छा से गदरपुर वासियों को दर्शन दिए।



# धूमधाम से मनाई महर्षि च्यवन ऋषि जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महर्षि च्यवन ऋषि जयंती समारोह धूमधाम के साथ ऋषि पंचमी के दिन मुखानी स्थित दुर्गा मंदिर में मनाया गया। सभी सजातीय लोगों ने पहुंचकर महर्षि च्यवन ऋषि का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने अपने सामाजिक ताने-बाने को और अधिक मजबूत बनाने एवं समाज के जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने एवं निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान करने एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर हवन पूजन कर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री डॉ राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष योगेश गुप्ता, बिदेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुनील गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, विपिन गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, यश गुप्ता, नवीन गुप्ता, गणेश गुप्ता, अंश गुप्ता, रामजीलाल गुप्ता, आदेश गुप्ता जी लवी गुप्ता जी त्रिलोक गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



# सिक्स सिग्मा में धूमधाम से मनाया इंजीनियर दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सिक्स सिग्मा इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड साइन्स में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता वर्मा बजाज ऑटो लिंक, अमनदीप कक्कड़ सचिव टीपीएम बजाज ऑटो, विजय कुमार मल्लिक प्रबंधक बीवाईएसटी, शशांक भारद्वाज ट्रेनर.बीवाईएसटी संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर,प्रबन्ध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रबन्धकीय कमेटी सदस्य वंश डाबर, प्रधानाचार्य पॉलिटैक्निक ललित सिंह बिष्ट प्रधानाचार्य फार्मेसी डा् विजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। कार्यक्रम में विविधता के अनुरूप इसे दो वर्गों में विभाजित किया गया। प्रथम वर्ग में तकनीकी व द्वितीय वर्ग में गैर-तकनीकी कार्यक्रम हुए। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा व रुचि के अनुसार बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें प्रोजेक्ट-प्रदर्शनी में छात्र गोपी चन्द्र (इलैक्ट्रीकल),स्लो-साईक्लिंग में छात्र आकाश मजुमदार (प्रोडक्शन) एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार (इलेक्ट्रिकल) के छात्रो ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा डिर्पाटमेंटल लेवल में टी शर्ट ड्राईंग, जॉब मेकिंग, एडोमेनिया, टैक्निकल क्विज प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा ने छात्र-छात्राओं को शुभ कामना देते हुए उनके समक्ष एक घटना को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें डिग्री से ज्यादा कौशल, क्षमता पर भी ध्यान देना चाहिए। जिससे हमारी निरन्तर प्रगति होती रहे तथा संस्थान के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कियह संस्थान उत्तराखण्ड के शीर्श दस संस्थानों में से एक है। श्रीमती श्वेता वर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ कुशलता का भी सामंजस्य छात्रों में होना चाहिए। जिसके द्वारा ही स्किल इंडिया का उद्देश्य पूर्ण होगा। वर्तमान समय में ज्ञान के साथ तकनीकी कुशलता से युक्त व्यक्ति की औद्योगिक क्षेत्र में बहुत माँग है। इस तरह के कार्यक्रम द्वारा बच्चों में तकनीकी विकास तथा कलात्मक ज्ञान की अभिवृद्धि होती है। जो उनके उज्ज्वल भविश्य के लिए एक सार्थक और सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वह मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया के जीवन से शिक्षा लेते हुए राष्ट्र विकास के प्रति स्वयं को समर्पित करें । इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन समिति हैड ललित भट्ट एवं मुनीश कुमार ,संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेन्ट हैड रजत धवन, संस्थान के सीइओ अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं छात्र दृछात्राएं आदि उपस्थित रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सख्ती के बाद खुद अतिक्रमण हटाने में जुटे रेलवे मार्केट के दुकानदार

## लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलवे की बाउंड्री वॉल से फुटपाथ और न जल निकासी के लिए होगा नाला निर्माण का कार्य, रेलवे मार्केट पर स्थित दुकानदारों को चिन्हित भूमि खाली करने के नोटिस भेजे

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद सड़क के दोनों और नाली और फुटपाथ बनाए जाने का तीव्र गति से जहां कार्य किया जा रहा है। वहीं शेष अतिक्रमित भूमि को भी दुकानदारों द्वारा स्वयं ही खाली किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एमपी चौक से लेकर के हल्द्वानी रोड स्थित काली मंदिर तक लोक निर्माण विभाग ने अपनी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया था। रेलवे स्टेशन से लेकर के काली मंदिर तक का अतिक्रमण पूर्ण रूप से ध्वस्त करने के उपरांत रेलवे मार्केट पर भी लोग निर्माण विभाग ने निशान देही की थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलवे की बाउंड्री वॉल से फुटपाथ और न जल निकासी के लिए नाला निर्माण का कार्य किए जाने के लिए रेलवे मार्केट पर स्थित दुकानदारों को चिन्हित भूमि खाली करने के लिए कहा गया था। जिस पर सभी दुकानदारों ने स्वत ही अपने टीन सेड बनाया गया फर्श तोड़ना प्रारंभ कर दिया है। सभी दुकानदार स्वयं ही अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कर रहे हैं। जबकि लोग निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन से लेकर के महाराणा चौक तक रेलवे की मार्केट से लगते हुए फूट पाथ और नाला निर्माण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों



से मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी व्यापारियों से निवेदन है कि सड़क के दोनों और फुटपाथ और नाली निर्माण करने में लोक निर्माण विभाग का सहयोग करें तथा लोग निर्माण विभाग की भूमि को स्वत ही खाली कर दें।जिससे व्यापारियों को कोई भी असुविधा ना होगी। गौर तलब है कि मुख्य बाजार में दोनों और व्यापारी जल निकासी की फुटपाथ की व्यवस्था ना होने से खुद ही त्रस्त रहते हैं।लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एमपी चौक से लेकर के हल्द्वानी रोड स्थित काली मंदिर तक लोक निर्माण विभाग का अतिक्रमण लगभग मुक्त हो चुका है इसलिए जिस जगह पर भी फुटपाथ और नाली की आवश्यकता है।लोग निर्माण विभाग नाली निर्माण और फुटपाथ का निर्माण कर रहा है। रेलवे स्टेशन से लेकर के प्रारंभ होने वाली रेलवे मार्केट के सभी व्यवसायिक द्वारा लोग निर्माण की आज्ञा का पालन करने के कारण अधिकारियों द्वारा उनके प्रशंसा भी की गई है तथा कहा गया है कि यदि व्यापारी स्वयं ही अतिक्रमित भूमि को खाली करते हैं तो इसमें व्यापारियों का ही हित सुरक्षित है।

HB SPECIALTY HOSPITAL
कमर व जोड़ दर्द कैंप
अमेरिका से प्रशिक्षित रिजनरेटिव मेडिसिन स्पेशलिस्ट
डॉ. नाथन कैट्स
Dr. Nathan Katz
Regenerative Medicine Specialist
22-23 सितम्बर 2023
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें - +91 9634100888 hbansal@drhbf.org
पता . काशीपुर रोड, भूरारानी मोड़ के पास, रुद्रपुर

# फायरिंग के मामले में चार पर केस, एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। विगत दिनों वार्ड नंबर 6निवासी युवक पर फायरिंग करने मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है की विगत दिनों हरभजन सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी रेलवे कालोनी वार्ड 6 किच्छा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीती 15 सितबंर रात्रि व अपने दोस्त योगेश राजपूत के साथ पुरानी गल्ला मण्डी से अपने घर जा रहे था। इस दौरान रेलवे स्टेशन के निकट एक बाइक पर सवार चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उनमें से एक से एक युवक ने हरभजन को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। इस घटना में हरभजन बाल बाल बच गया। हरभजन की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीसी कैमरे की मदद से एक युवक की शिनाख्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया है उप निरीक्षक राजेन्द्र पंत ने बताया कि गिरफ्तार युवक शमीर शाह निवासी सिरौली से एक अदद तमंचा और जीवित कारतूस बरामद किया गया है।



# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए महिला कांग्रेस का सीएम आवास घेराव कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कल 21 सितंबर को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में 21 सितंबर को प्रात: 11 देहरादून में मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगी, श्रीमती शर्मा ने कहा कि जनपद उधम सिंह नगर से भी सैकड़ो महिलाएं देहरादून रवाना होगी, श्रीमती शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर से भी बस और व्यक्तिगत वाहनों से 70 से भी अधिक महिलाएं देहरादून में होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगी। इधर श्रीमती शर्मा ने कहा कि महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,प्रदेश सचिव सपना गिल, किच्छा से महिला कांग्रेस नेत्री और प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप, गदरपुर की कांग्रेस नेत्री प्रदेश सचिव चंद्रा जोशी सिंह, प्रदेश सचिव ममता वर्मा, प्रदेश सचिव लक्ष्मी राय,और वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री पुष्प लता तिवारी के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता देहरादून रवाना होगी स इधर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने प्रदेश की सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आव्हान किया है कि वह 21 सितंबर को देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



# व्यापारियों ने पुलिस टीम को सम्मानित किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। चोरी का खुलासा करने वाले करने वाली पुलिस टीम को व्यापारियों ने सम्मानित किया। विगत दिवस नगर के गुरुद्वारा रोड पर स्थित गुलाटी सूट एंड साड़ी के शोरूम में अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर गल्ले में राखी 47000 की नगदी चुरा कर ले गए थे। दुकान स्वामी विकास गुलाटी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर चोरी के खुलासे की मांग की थी। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाई चंद घंटो में चोरी का माल साहित गिरफ्तार कर लिया था। खुलासे को लेकर नगर के व्यापारियों ने थाना परिसर में पहुंचकर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव कस्बा इंचार्ज लक्ष्मण दत्त जोशी, एसआई संजय कुमार, एसआई मंजू पवार सिपाही दिनेश तिवारी नवीन जोशी को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और पुलिस की सराहनीय कार्य की प्रशंसा भी की। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने व्यापारियों को पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।



# भाजपाईयों ने फूंका कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट का पुतला

हल्द्वानी /रामनगर/ नानकमत्ता (उद संवाददाता)। बुद्ध पार्क में कांग्रेसी विधायक मदन बिष्ट द्वारा भाजपा सरकार और महिलाओं के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया गया। जिसको लेकर महिला जोशी, प्रताप रैकवाल, जिला महामंत्री पूनम जोशी, उपाध्यक्ष सीमा बत्रा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती राशि जैन,श्रीमती भावना शाह, श्रीमती माला आर्य सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की लखनपुर चुंगी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस विधायक मदन कॉलेज के निदेशक के साथ उनके घर जाकर की गई अभद्रता व गाली गलौज का जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है उससे विधायक ने पूरे प्रदेश की जनता को शर्मसार किया है उन्होंने कहा कार्रवाई की मांग करेंगे। **नानकमत्ता**– भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर कांग्रेस के द्वाराहाट के विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस विधायक के खिलाफ किया और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपाईयों ने कहा कि विधायक के द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय है जिसको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपाईयों ने गलत बयान



मोर्चा जिला इकाई द्वारा नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए मदन बिष्ट का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, प्रदेश अध्यक्ष अनु. मोर्चा समीर आर्य, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा कल्पना बोरा, मंडल अध्यक्ष किशोर कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **रामनगर**– खनपुर चुंगी पर रामनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट का पुतला दहन करते हुए प्रशासन से बिष्ट द्वारा की गई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उससे कांग्रेस की पोल खुली है भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट द्वारा द्वारा क्षेत्र में स्थित एक इंजीनियरिंग है कि कांग्रेस विधायक की इस कृत्य को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया उन्होंने इस मामले में कांग्रेस विधायक के खिलाफ कार्रवाई उन्हें जेल भेजने की मांग करते हुए कहा कि वह इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी अवगत कराकर उनसे जमकर नारेबाजी की गयी। भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रीपाल सिंह राणा के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे पर निदेशक से अभद्र भाषा का प्रयोग करने के विरोध में द्वाराहाट के कांग्रेस के विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला आग के हवाले बाजी को लेकर रोष व्यक्त किया। पुतला फूंकने वालों में श्रीपाल सिंह राणा, इंद्रपाल सिंह मान, रवि ग्रेवाल, तरुण राणा, ओम नारायण राणा, जितेंद्र राणा, रणजीत राणा, खेमकरण राणा, कृष्ण सक्सेना, पीयूष गुप्ता, राकेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गणेश चतुर्थी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर मे गणेश चतुर्थी पर जगह जगह गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। वहीं विधायक शिव अरोरा ने सिडकुल वेलफेयर सोसायटी द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भी गणपति महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। लोग पूरी श्रद्धा भाव से अपने यहां गणपति को स्थापित करते हैं और भक्तिमय वातवरण में प्रतिदिन पूजा अर्चना कर गणपति की आराधना करते है। विधायक शिव अरोरा इसके साथ ही मैट्रोपोलिस सोसायटी, दानपुर में आयोजित गणेश महोत्सव में भी शामिल हुए। जहां उन्होंने गणपति भगवान की पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक बोले गणपति भगवान की कृपा से रुद्रपुर क्षेत्र खूब आगे बढे ओर विकास के आयामो को स्थापित करे। इसके लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही आने वाले समय ने कई बड़ी परियोजना का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। ऐसा विश्वास है। विधायक शिव अरोरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। बप्पा सभी के ऊपर कृपा बनाये रखे सभी का जीवन सुखमय मंगलमय हो। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, सुशील यादव, योगेश वर्मा, भारतभूषण चुघ, मयंक कक्कड़ , मन्दीप वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।





# श्री राम नाटक क्लब की कमेटी का गठन

## प्राचीन रामलीला मंचन के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख एवं प्राचीन रामलीला मंचन के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। विगत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सभागार में श्री राम नाटक क्लब के समस्त सदस्यों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें पुराने कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। श्री राम नाटक क्लब के मीडिया प्रभारी सुशील गाबा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि श्री राम नाटक क्लब के संरक्षक पद पर वरिष्ठ कलाकार मोहनलाल भुड्डी, सरपरस्त- हरीश सुखीजा, प्रेम खुराना, रामकृष्ण कन्नौजिया, संजीव आनंद, अनिल तनेजा, समस्त लीला संचालन हेतु डायरेक्टर पद पर मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर (आशु) एवं विशाल भुड्डी, व्यवस्था हेतु महामंत्री पद पर पुन: गौरव तनेजा, सचिव पद पर गौरव राज बेहड़, सहसचिव -सचिन मुंजाल एवं राजू कक्कड़, कोषाध्यक्ष पद पर रमन अरोरा, मीडिया प्रभारी- सुशील गाबा, मंच व्यवस्था की जिम्मेवारी सुभाष तनेजा एवं नरेश छाबड़ा को प्रदान की गई। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के डायरेक्टर राजू छाबड़ा, राकेश सुखीजा सहित हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर आशु, विशाल भुड्डी, मनोज अरोड़ा, अनिल तनेजा, सुशील गाबा, अजय चड्ढा, गौरव राज बेहड़, रमन अरोड़ा, सचिन मुंजाल पुलकित बांबा, रोहित खुराना, राजकुमार कक्कड़, पवन गाबा पल्ली, गौरव जग्गा, गोगी नरूला, विशाल अनेजा, कृष्णा गाबा, आदि सहित अनेको कलाकार उपस्थित थे।



# छात्र छात्राओं को सिखाए व्यक्तित्व विकास के गुर

गदरपुर( उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को व्यवहारिक अंग्रेजी, व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक अभियक्ति का प्रशिक्षण दिया गया। बता दें महाविद्यालय प्रबंधन और अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन ने महाविद्यालय की कौशल विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक सहयोगात्मक कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिसके तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अंग्रेजी में बात करने, इंटरव्यू के लिए तैयार करने तथा उनके व्यक्तित्व को निखाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम तय किये गये हैं।



जो पाक्षिक और आवश्यक होने पर साप्ताहिक रूप से संचालित किये जायेंगे। अब तक दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके है।कार्यक्रम में महाविद्यालय की कौशल विकास समिति के प्रभारी डा. अशोक कुमार, डा. अर्चना, प्राध्यापक डा. हरि प्रसाद, डा. प्रमोद वर्मा, डा. प्रभजोत कौर तथा अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन के प्रशिक्षक आदित्य कोटबागी, मोहम्मद नसीम के अलावा महाविद्यालय के छात्र विकास, विदिशा, शशांत, दलजीत सिंह, फिरदौस, सौम्या आदि ने भी आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# पूर्व विधायक ठुकराल ने की श्री गणेश की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने गत रात्रि आयोजित गणेश महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि विधायक ठुकराल सहित श्री गणेश महोत्सव पर सभी भक्तों ने गणेश जी की पूजा पूजा अर्चना की एवं कमेटी द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल स्मृति कोली, सुंदरलाल कोली, गगन ग्रोवर, बंटी कोली, हैप्पी चौहान, बंटी राजोरिया, किशन कोली, प्रमोद कोली , विवेक कोली, कबीर कोली ,रोहित कोली, बिट्टू





में अनेक स्थानों वार्ड नंबर 1 फुलसुंगी स्वर्णिम हिल व्यू सिटी, वार्ड नंबर 22 रम्पुरा, गांधी कॉलोनी व वार्ड नंबर 23 शिव मंदिर 84 घंटा में पहुँच कर दीप प्रज्वलित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ करते हुए श्री गणेश वंदना में एवं शान्ति की कामना की। पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री गणेश जी की आराधना से सभी विघ्नों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और भक्तजन भक्तिरस में झूमते गाते नजर आए।इस दौरान कांति कोली,दीपक कुमार , हिम्मत राम कोली ,दीपक कोली , अंकित वर्मा, रोहित कोली , सुमित कोली , अरुण कोली, अजय कोली, किशन कोली , गोलू यादव, शाखा कोली, संदीप कोली, नीरज कोली, शिवा कोली, राजेश कोली ,धर्मवीर कोली आदि लोग उपस्थित रहे।

# शोभा यात्रा के साथ सिडकुल में गणेश महोत्सव शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा के साथ सिडकुल चौक पर गणेश महोत्सव का बीती शाम आगाज हुआ। वहीं क्षेत्र में गणपति महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया। गणेश चतुर्थी के मौके पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश के प्रतिमा की पूजा अर्चना के बीच मूर्ति की स्थापना की गई। गत वर्षों की भांति इस बार भी सिडकुल गणेश उत्सव समिति द्वारा बीते कई दिनों से गणेश महोत्सव की तैयारियां की जा रही थी। बीती शाम गणेश महोत्सव के शुभारम्भ से पूर्व विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा सिडकुल से प्रारम्भ होकर रूद्रपुर शहर में पहुंची। यहां जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां








आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा मौजूद रहे। साथ ही सिडकुल के सौ से अधिक उद्योगों के प्रतिनिधि भी शोभा यात्रा में शामिल रहे। शोभा यात्रा के पश्चात सिडकुल चौक पर भव्य गणेश महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। यहां विधि विधान से गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गयी। सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना में भाग लेकर सुख समृद्धि की कामना की। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सिडकुल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष अरुण टोंक, उपाध्यक्ष संजय सिंघल, कोषाध्यक्ष परमवीर सिंह रावत के साथ-साथ सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा अपनी पूरी कमेटी के साथ मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सचिव ने वार्डों में भर्ती डेंगू मरीजों का जाना हाल

## स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने किया हल्द्वानी एसटीएच में अस्पतालों का औचक निरीक्षण, आईसीयू का संचालन न होने पर कड़ी नाराजगी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। डेंगू नियंत्रण अभियान की हकीकत जानने स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार आजकल प्रदेश के दौरे पर हैं। देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी जनपद के कोटद्वार के बाद आज स्वास्थ्य सचिव का काफिला कुमाऊ मंडल नैनीताल जनपद के हल्द्वानी शहर पहुँचा। स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने आज हल्द्वानी का दौरा किया। उन्होंने डेंगू से निपटने के लिए किये जा रहे इंतजामों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सचिव ने अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए की गयी व्यवस्थाओं पर नाराजगी जतायी और व्यवस्थाएं दुरस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि डेंगू के मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।बेस अस्पताल हलद्वनी का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश द्वारा आईसीयू का संचालन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई । अस्पताल प्रशासन को जल्द से जल्द आईसीयू को चलाने के निर्देश मौके पर दिए गए। सचिव स्वस्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने बेस हॉस्पिटल पर वार्ड में जाकर मरीजों का हाल जाना अस्पताल प्रशासन को किसी भी मरीज के उपचार मैं कोई लापरवाही न हो इसके निर्देश दिये गये। उनके द्वारा द्वारा डेंगू वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी वार्ड, डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू के उपचार के लिये निजी व सरकारी चिकित्सालय पर आयुष्मान कार्ड द्वारा भी उपचार प्रदान किया जाएगा। जिसके निर्देश अधिकारियो को दे दिये गये है । सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने डेंगू जांचों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की । उन्होंने अधिकारियों को जांचों में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा अधिकारी कागज पर पेन कम चलकर थोड़ा जांचों में तेजी लाएं जिससे मरीज को समय पर सही इलाज मिल सके। स्वास्थ्य सचिव ने मरीजों और लोगों से भी अस्पताल में व्याप्त सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने बताया कि पूरे प्रदेश के अंदर डेंगू के 307 मामले एक्टिव है। उन्होंने बताया डेंगू को लेकर अस्पताल में बेड्स पूरी तरह से उपलब्ध हैं, उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से किसी को भी प्लेटलेट्स नहीं दी जाएगी, जरूरत पड़ने पर ही मरीज को प्लेटलेट्स दी जाएगी, डेंगू पर जो भी इलाज है, उसे अस्पताल द्वारा ठीक तरीके से नहीं किया जाएगा तो 50000 से लेकर 200000 तक का जुर्माना लगाने के प्रावधान बनाए गए हैं,स्वास्थ्य विभाग के स्पष्ट निर्देश की डेंगू के मामलों को लापरवाही नहीं बरती जाएगी, जो भी प्राइवेट हॉस्पिटल या सरकारी हॉस्पिटल लापरवाही करेगा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलों के जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह बराबर डेंगू पर अपनी नजर बनाए रखें और डेंगू के मामले को लेकर शासन को लगातार अवगत कराए, सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में अधिक पैसा लिए जाने पर भी उन्होंने कहा की रेट निर्धारित किए गए हैं, अधिक रेट लिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भागीरथी जोशी, मेडिकल कालेज हल्द्वानी के प्रधानाचार्य डा. अरुण जोशी, डॉ टिट्याल, चिकित्सा अधीक्षक सुशीला तिवारी अस्पताल, डॉ मनोज कांडपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ सविता ह्यांकी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बेस चिकित्सा हल्द्वानी, डा. ऊषा जंगपांगी महिला चिकित्सालय हल्द्वानी भी मौजूद थे।



## थाना पुलिस व तहसील कर्मियों ने किया रक्तदान

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। बढ़ रहे डेंगू के चलते थाना कालाढूंगी पुलिस एवं तहसील कालाढूंगी के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी को वर्तमान समय में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता हेतु जनपद के विभिन्न एनजीओ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर रक्तदान एवं डेंगू से पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न जागरूकता अभियान एवं शिविर चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत द्वारा कालाढूंगी तहसील के साथ समन्वय स्थापित कर पुलिस तथा तहसील



कर्मचारियों के द्वारा उत्तराखंड राज्य रक्त संचरण परिषद एवं उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आयोजित आयुष्मान भव:- सेवा पखवाड़ा के तहत कालाढूंगी सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 पुलिस कर्मचारी एवं तहसील कर्मचारियों द्वारा रक्तदान कर डेंगू से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता हेतु अपना बहुमूल्य सहयोग दिया गया। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वह वर्तमान समय में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता हेतु जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करके पुण्य के भागीदार बनें तथा शासन एवं प्रशासन की इस मुहिम को साकार करें।




## मंडलायुक्त ने कैंचीधाम मन्दिर के प्रस्तावित मास्टर प्लान व सौन्दर्यीकरण कार्य के लिये लिए सुझाव

### मन्दिर परिसर में हाईटेक पार्किंग की सुविधा के साथ ही श्रद्धालुओं हेतु हाईटेक शौचालय, गार्डन, व्यू प्वाइंट मास्टर प्लान के तहत बनाये जायेंगे

भवाली/नैनीताल(उद संवाददाता)। मानसखण्ड मन्दिर माला योजना के अन्तर्गत पर्यटन को बढावा देने हेतु कैंचीधाम मन्दिर के प्रस्तावित मास्टर प्लान व सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में मंगलवार को कैंचीधाम मन्दिर परिसर में आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में विभिन्न अधिकारियों व मन्दिर समिति के पदाधिकारियो के साथ प्रस्तावित डीपीआर के सम्बन्ध में वार्ता की गई। उन्होंने कहा जो डीपीआर बने उसमें सभी विभागों का कर लिया गया है शीघ्र ही एलाइमेंट का कार्य किया जायेगा साथ ही मन्दिर परिसर में हाईटेक पार्किंग की सुविधा के साथ ही श्रद्धालुओं हेतु हाईटेक शौचालय, गार्डन, डीआईजी योगेश सिंह रावत, जिलाधिकारी वंदना, मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, एसएसपी पीएन मीणा, एएसपी डा0 जगदीश चन्द्र,नगर आयुक्त पंकज





विभागों एवं मन्दिर समिति के साथ समीक्षा की गई। आयुक्त ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री के शीर्ष प्राथमिकता है कि कैंचीधाम में मास्टर प्लान बने श्रद्धालुओं को कैसे हम हाईटेक सुविधा दे सकते हैं उसको देखते हुये मास्टर प्लान के तहत सभी विभागों के समन्वय व सहभागिता हो। उन्होने कहा डीपीआर भविष्य के दूरगामी परिणामो के देखते हुये बनाई जाए। आयुक्त ने कहा कि मन्दिर में एक नया ब्रिज बनाया जायेगा, शिप्रा नदी पर एलिएन बनाये जायेंगे जिससे भूकटाव रूकेगा। उन्होने कहा बाईपास सर्वे व्यू प्वाइंट मास्टर प्लान के तहत बनाये जायेंगे। समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों के साथ ही मन्दिर समिति के सदस्यों द्वारा भी सुझाव दिये गये। इसके उपरान्त आयुक्त ने कैंचीधाम मन्दिर का स्थलीय निरीक्षण किया। समीक्षा के उपाध्याय के साथ ही मन्दिर समिति के सचिव आलोक चोपडा, शैलेस साह, ओम प्रकाश, कु0 जया प्रसादा, अश्वनी कुमार, प्रधान पंकज निगल्टिया के साथ ही लोनिवि, वन विभाग, सिचाई, राजस्व आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 12वीं के छात्र-छात्राओं ने किया डिग्री कालेज का भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाविद्यालय श्री गुरू नानक डिग्री कॉलेज , प्रीत विहार रूद्रपुर में श्री गुरू नानक पब्लिक हॉयर सकेण्डरी स्कूल ,रूद्रपुर के 12वीं के छात्र छात्राओं ने वहॉ की प्रधानाचार्या के साथ कालेज का भ्रमण किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ0 भावना कपूर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तार सें छात्र-छात्राओ को बताया। इसके पश्चात बी0ए0 विभागाध्यक्ष डॉ0 विनीता पाण्डे ने छात्र-छात्राओ को शिक्षा के प्रति प्रेरणादायक वचनो से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के प्रबंधक स0 गुरमीत सिंह , गुरूनानक डिग्री कालेज के मैनेजर स0मंजीत सिंह मक्कड़, गुरूनानक डिग्री कालेज के वाइस प्रेसीडेंट स0 करनैल सिंह, स0 वीरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी0बी0ए0 की छात्रा राखी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन बी0बी0ए0 की छात्रा जूहा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 नीरज जयसवाल,गौरव मिश्रा, संजय कुमार, डॉ0 अखिलेश सिंह, आनंद राम ,संदीप त्रिपाठी ,असमीत कौर, प्रिया गुप्ता, डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0रूपाली सक्सेना , डॉ0 रजनी छिम्वाल , डॉ0परविंदर कौर, डॉ0नाजिया बानो ,रवि कुमार डॉ0 फरजीन बानो , अखिलेश खरे ,सर्वजीत कौर, परमजीत सिंह, राधेश्याम, दुर्गेश,कल्पना आदि उपस्थ्ति रहें।

## पत्रकार धींगरा के आवास पर गणपति जी का जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पत्रकार प्रमोद धींगरा के विष्णुपुरी गली नंबर दस स्थित आवास में श्री गणपति जी महाराज का विधि विधान से स्थापना की गई। प्रात: काल आरती के पश्चात एवं सायंकाल महिलाओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज के भजन गाए गए। भजनों की धुन में अर्चना के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित हुआ। कल 21 सितंबर को श्री गणपति जी महाराज की पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रतिमा का ममता धींगरा, नीलम सिडाना, अलका आहूजा, आराधना अग्रवाल, बलवंत राजपाल, भारती धींगरा, प्रमिला राजपाल, प्रीति अग्रवाल, बीना अग्रवाल, प्रिया ध



पुष्प वर्षा के साथ परिजनों व उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा जयघोषों के बीच जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ महिलाओ ने नृत्य भी किया। जिसके पश्चात आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। आज प्रात: भी श्री गणपति जी महाराज की विधि विधान से पूजा विसर्जन किया जायेगा। पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन के दौरान अनु धींगरा, मीत धींगरा, रानी धींगरा, मनी धींगरा, कीर्ति धींगरा, पूनम धींगरा, गगनदीप धींगरा, ींगरा, हिमानी उपाध्याय, नायरा गुप्ता, सुरभि गुप्ता, समीर गुप्ता, इंद्रसेन धींगरा, प्रमोद धींगरा, सौरभ धींगरा, आशीष धींगरा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## कौशल्या एनक्लेव में धूमधाम से हुई श्री गणपति की स्थापना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में कौशल्या एनक्लेव वेलफेयर सोसाइटी गंगापुर रोड में श्री पांडुरंग पाटिल के सहयोग एवं योगदान से गणपति बाबा की स्थापना बड़े ही धूमधाम एवं उल्लास से भक्तिमय वातावरण मैं की गई। इस मौके पर समिति के कई गणमान्य नागरिक परिवार सहित उपस्थित थे। स्थापना के बाद सभी के द्वारा गणपति महाराज की



पूजा एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सोसाइटी एवं समाज के विकास के लिए भगवान से प्रार्थना भी की गई। इस मौके पर श्री पांडुरंग पाटिल का परिवार, ललित दुमका का परिवार, पूरन चंद्र पंत का परिवार, गोविंद तिवारी का परिवार, अजीत चौहान का परिवार, अरविंद नगवान का परिवार सहित कई भक्तजन उपस्थित रहे।

# आवारा गोवंशीय पशुओं के चिन्हीकरण एवं टैगिंग की कार्यवाही जारी,61 पशुओं को गोसदन में भेजा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिले के आवारा एवं लावारिस गवंशीय पशुओ को पंजीकरण गौशालओ एवं गौसदनो तक पंहुचाने की सशक्त कार्यवाही राजस्व, पुलिस, पशुपालन विभाग, नगर निगम एवं स्थानीय निकायो द्वारा तत्परता से की जा रही है। जिले के आवारा गोवंशीय पशुओ के चिन्हीकरण एवं टैगिंग का कार्य पशुपालन विभाग द्वारा किया जा रहा। जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर डी सी जोशी ने बताया कि जनपद में सड़कों पर निराश्रित पशुओं को विशेष कर गोवंश पशुओं की संख्या बहुतायत है। इन पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है यहां तक की कई गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं ऐसे में घटित होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने तथा ऐसे पशुओ को पंजीकृत गौशालाओं में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। नगरनिगम व पशुपालन की टीम द्वारा कल से चलाई गई इस मुहिम में आज शाम 05 बजे तक कुल 61 पशुओं को गोसदन में भेजा गया। पशुओं को गोसदन में भेजने से पूर्व पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं की टैगिंग व स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ सर्टिफिकेट जारी किया जा



रहा है। इससे शहर में पशुओं से लगने वाले जाम व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी व पशुओं को रहने व पशु आहार की बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी। नगर पालिका रामनगर क्षेत्र से 12 गौवंशीय निराश्रित पशु, नगर पंचायत कालाढूंगी क्षेत्र से 16 गौवंशीय निराश्रित पशु, नगर पालिका लालकुँआ क्षेत्र से 5 गौवंशीय निराश्रित पशु, नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्र से 24 गौवंशीय निराश्रित पशु एवं कमोला ग्रामीण क्षेत्र से जिला पंचायत द्वारा 4 गौवंशीय पशुओं को क्रमशः श्री राधेकृष्ण गौसेवा सदन बाजपुर (उधमसिंहनगर), श्री कृष्ण विश्व मंगल गौधाम रतनपुर बैलपडाव, श्रील नित्यानन्द पाद आश्रम गौशाला हल्दूचौड़, आश्रय एनिमल केयर सेन्टर हल्द्वानी, श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन बाजपुर उधमसिंहनगर को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल पांच पंजीकृत गौसदन है जिसमें कुल 225 गोवंशीय पशुओं को रखने की क्षमता है। वर्तमान में कालाढूंगी में श्री कृष्ण विश्व मंगल गोश्रम धाम रतनपुर बेलपडाव में 135, बेतालघाट श्री कृष्ण विश्व मंगल गोआश्रम धाम घंगरेटी बेतालघाट में 20, दीप रेखाड़ी गौशाला हरचनौली बेतालघाट में 20, आश्रय एनिमल शेल्टर होम देवलचौड़ हल्द्वानी में 20, जोगेंद्र राणा गौशाला हल्दीखाल हल्द्वानी में 30 पशुओं की क्षमता है। इन निजी स्ववित्त पोषित गोसदन को शहरी विकास, नाबार्ड, जिला खनन न्यासनिधि, जिला पंचायत व अन्य स्रोतों से फंडिंग की जाती है। नैनीताल जनपद में 04 स्थलों पर भूमि चिन्हीकरण का कार्य किया गया है। इन स्थलों पर कुल रुपये 1066 लाख की डीपीआर तैयार की गई है व तैयार होने वाले गोसदन में 1200 पशुओं की क्षमता विकसित की जायगी।

# प्रो.सतपाल सिंह बने अल्मोड़ा एसएसजे विश्वविद्यालय के कुलपति

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।प्रो सतपाल सिंह बिष्ट अल्मोड़ा एसएसजे विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त किये गये हैं। प्रोफेसर बिष्ट ने 1989 के डीएस बी से जंतु विज्ञान विभाग से एम एससी करने के बाद डीएसबी से पी एच डी की



तथा बायोटेक में उत्कृष्ट शोध किया ।जंतु विज्ञान विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय के विभाध्यक्ष तथा बायोसाइंस विभाग के संकायाध्यक्ष है । प्रो. सतपाल डीएससी सहित कई देशों की यात्रा कर चुके है तथा पूर्व में आई क्यू ए सी निदेशक तथा परीक्षा नियंत्रक एवं रुसा कोर्डिनेटर रह चुके है ।काम के दक्ष है तथा मधु वाणी के धनी है ।प्रो सतपाल के कुलपति बने पर कुमाऊं यूनिवर्सिटी शिक्षक संघ नए उन्हें बधाई दी है तथा उज्वल भविष्य की कामना की है ।कूटा की तरफ से प्रो ललित तिवारी ,डॉक्टर विजय कुमार ,प्री नीलू लोधियाल , डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी ,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर अनिल बिष्ट , डॉक्टर उमंग सैनी डॉक्टर सीमा चौहान ,डॉक्टर दीपिका पंत , डॉक्टर रितेश साह ,डॉक्टर युगल जोशी ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# पोषण मेले में पचास महिलाओं की गोदभराई

किच्छा(उद संवाददाता)। मंगलवार को नई मण्डी समिति किच्छा में बाल विकास विभाग द्वारा मिशन पोषण 2.0 के तहत पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत पोषण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा प्रतिभाग किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा काण्डपाल द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य व रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि परिवार में मॉ का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है यदि मां स्वस्थ्य होगी तो बच्चे एवं परिवार भी स्वस्थ होगा। उन्होंने सभी से अपनी दिनचर्या में पौष्टिक एवं मोटे अनाज को ग्रहण करने तथा स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम में 50 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 50 अन्न प्रासन और 50 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। रंगोवली प्रतियोगिता के माध्यम से मोटे अनाज के सेवन हेतु प्रोत्साहित किया गया। मेहन्दी प्रतियोगिता द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना का प्रचार प्रसार किया गया। पोषण मटके के माध्यम से जन समुदाय को पौष्टिक भोजन हेतु जागरूक किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम में पोषण गीतों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया गया और साथ ही व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिन्दुवासिनी द्वारा किया गया।





# 'पंचदश संस्कृत महोत्सव' पर जिले में 26 व 27 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम

किच्छा (उद संवादाता)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार उत्तराखंड द्वारा राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार-प्रसार, संरक्षण और संवर्धन के लिए पंचदश संस्कृत महोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। उधम सिंह नगर जिले के सभी विकासखंडों में 26 व 27 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय और 11 व 12 अक्टूबर की जिला स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता संपन्न होंगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों की छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करवाने की निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के जनपद उधम सिंह नगर के संयोजक सुभाष चन्द्र मिश्र ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ दो वर्गों में 6-6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सचिव उत्तराखंड संस्कृत अकादमी उत्तराखंड एस.पी.खाली व अपर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा द्वारा इस हेतु प्रत्येक जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारियों को मार्गदर्शक एवं जनपद में एक संयोजक और एक सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। खंडस्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु उत्तराखंड के 95 ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में एक-एक खंड संयोजक नियुक्त किए गए हैं। इन्हीं के मार्गदर्शन और संयोजकत्व में प्रतियोगिताएं संपन्न की जाएगी। जनपद उधम सिंह नगर के रुद्रपुर ब्लॉक के संयोजक अंकित पाण्डे ने बताया कि जनपद के सात विकासखण्डों में 26 एवं 27 सितंबर 2023 को इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जबकि खंड स्तर से प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का जनपद स्तर में प्रतिभाग होगा। रूद्रपुर खंड स्तर की प्रतियोगिताएं 26 एवं 27 सितंबर 2023 को श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में संपन्न होगी। जिसके लिए 23 सितंबर तक आवेदन पत्र मांगे गए हैं, रूद्रपुर ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता के लिए खंड संयोजक अंकित पाण्डे के फोन नंबर 8433150499 पर संपर्क किया जा सकता है। कुल छह प्रतियोगिता संपन्न होंगी। प्रतियोगिताएं कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 से स्नातक स्नातकोत्तर कक्षाओं तक संपन्न की जाएगी । प्रतियोगिता मे पुरस्कार वितरण खंड स्तर पर 17 लाख 10000 का पुरस्कार जनपद स्तर पर 491400 का पुरस्कार राज्य स्तर पर 226000 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

**महिला आरक्षण पर ...**हो गई है। विपक्ष ने केंद्र पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने बिल को मोदी का एक और स्टंट करार दिया, तो एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं के लिए कोटा न होना इसकी बड़ी खामी है। बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों ने व्हिप जारी कर सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है। बीजेपी का कहना है कि अगर महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग की नौबत आती है, तो सभी मौजूद रहें और बिल पास हो सके। वहीं सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सपा की हमेशा मांग रही है कि इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को भी शामिल किया जाए। जब बीजेपी सरकार का 1 दशक पूरा होने जा रहा है, अब सरकार को महिलाओं की याद आई है। मेरा सवाल है कि यह 2024 लोकसभा चुनाव में लागू हो पाएगा या नहीं। और 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव में यह लागू होगा या नहीं। सरकार कब जनगणना कराएगी। मेरा सवाल ये है कि क्या ये सरकार जातिगत जनगणना कराएगी। पीएम मोदी खुद बात करते हैं तीन तलाक की, अल्पसंख्यक महिलाओं को न्याय दिलाने की, मुझे उम्मीद है कि सरकार इस बिल में मुस्लिम महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। वहीं बीएसपी सांसद संगीता आजाद ने कहा, पीएम मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पटल पर रखा गया। इसकी मांग दशकों से थी। बहुजन समाज पार्टी और मैंने भी महिला आरक्षण बिल को इस पटल पर रखा है। बसपा इस बिल का समर्थन करती है। आज बाबा साहेब और कांसीराम की ही सोच है कि हम जैसी महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में जाने का मौका मिला है। महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने का मौका मिला है। ये बिल महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करता है और रुढ़िवादिता को खत्म करता है। इस विधेयक का हम समर्थन करते हैं, लेकिन हमारी कुछ मांगों को इसमें शामिल किया जाए। लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं में 50% आरक्षण किया जाए। इसे राज्यसभा और विधानपरिषद में भी लागू किया जाए। विधेयक में एससी, एसटी और ओबीसी का भी कोटा शामिल किया जाए। जनगणना को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस आरक्षण को जल्द से जल्द परिसीमन और जातिगत जनगणना कराकर लागू कराया जाए।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम विजय कुमार शर्मा (Vijay Kumar Sharma) से बदलकर विजय शर्मा (Vijay Sharma) कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

विजय शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, हाउस नं-सी-304 ओमेक्स रिवेरा,रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर।


**पुनर्वास के लिए...**हरीश जुनेजा, इन्द्रजीत सिंह, आशीष ग्रोवर, राजवीर सिंह, विपिन नारंग, राजीव जोशी, अमरजीत सिंह, अख्तर अली, मौ. इकबाल, राकेश कालड़ा, जसवीर सिंह, हबीब, सुनील कुमार, अरविंद देवल, जागीर सिंह, जगजीत सिंह, सुनील बठला, लालचन्द कालड़ा, इसरार मियां, रमेश कालड़ा, प्रिंस बंसल आदि मौजूद थे।

**भाजपा नेताओं की कठपुतली..**राज्य में कुछ अधिकारी अच्छा काम भी कर रहे हैं। हम उनकी सार्वजनिक प्रशंसा इसलिए नहीं करते हैं कि कहीं इससे उनकी पोस्टिंग पर कोई असर न पड़े। आज प्रदेश की राजनीति का रुख कुछ ऐसा हो चला कि है कि विपक्ष के नेताओं का टेलीफोन न उठाना, भाजपा और वर्तमान सत्ता के प्रति उनकी वफादारी का मापदंड बन गया है।

**पत्रकार कमल की ..**समता आश्रम गली में पहुंचकर कई सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया। वहीं कई वरिष्ठ पत्रकारों डॉ विपिन चंद्र, बबली बिष्ट, मोहम्मद खालिद, अजय, हिमांशु वार्ष्णेय सहित दर्जनों पत्रकारों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वही देवभूमि सामाजिक मंच के संरक्षक राजकुमार केसरवानी, राजकुमार आनंद, पवन गुप्ता, गणेश साहू, अजय कृष्ण गोयल, विजय गुप्ता पंकज अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ चलाने जा रहे अभियान में पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कप्तान के निर्देश पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव प्रतापपुर चौकी प्रभारी विजेंद्र कुमार ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जोगीठेर गांव में घर के बाहर बैठकर कच्ची शराब बेच रहा है सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर काले रंग की रबड़ की ट्यूब में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परमजीत सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अस्पताल के सामने खड़ी बाइक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी नगर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालिया घटनाक्रम में अज्ञात चोरों ने एक अस्पताल के सामने खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ताजपुर माफी, कटघर मुरादाबाद निवासी बब्बू पुत्र लियाकत ने बताया कि उसकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 21सीडी/3768 अज्ञात चोरों द्वारा बीते 18 सितंबर को गिरीताल रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के सामने से उड़ा दी गई। पुलिस ने बाइक चोरी की इस मामले में प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है।

# सुख समृद्धि की कामना के साथ गणेश महोत्सव शुरू

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में गणपति महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया। गणेश चतुर्थी के मौके पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश के प्रतिमा की पूजा अर्चना के बीच मूर्ति की स्थापना की गई। नगर के दर्जनों स्थानों पर गणेश महोत्सव की धूम के चलते माहौल भक्तिमय हो उठा है। विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन भी कराए जा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि सुख समृद्धि की कामना के साथ आने वाले 10 दिनों तक गणेश महोत्सव का यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा। जगह-जगह बने पंडालों में श्रद्धालु गजानन के रंग में डूब चुके हैं। ढोल नगाड़ों के साथ गजानन के मूर्ति की स्थापना की गई। तमाम स्थानों पर मूर्ति स्थापना से पूर्व भगवान गणेश की श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा भी निकाली। मंदिरों में सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया।

# दो के खिलाफ लूटपाट का केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)।सिरौली निवासी उस्मान अली के पुत्र जीशान ने सुनहरी निवासी दो युवकों के खिलाफ कोतवाली में मोटर साइकिल लूटने, गाली गलौज, एवं मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने विभिन्न धाराओं में गुरदेव सिंह पुत्रजीत सिंह निवासी बिजली फॉर्म बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश वह गुरवेश सिंह पुत्र भगवत सिंह निवासी सुनहरी किच्छा जिला उधम सिंह नगर के विरुद्ध मुकदमा अपराध दर्ज कर करवाही शुरू कर दी है

# राजेश राजभर के निधन पर शोक

गूलरभोज(उद संवाददाता)। 35 वर्षीय राजेश राजभर का अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन होने पर व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, विजय गुंबर, तरुण दुबे, भूपेंद्र आर्य, आशु रघुवंशी, बिट्टू सिडाना, अमित कुमार गुप्ता, हरेंद्र चौधरी, संजीव गुप्ता, रमेश सागर, रामकिशन, नंदन सिंह आदि लोग शामिल थे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ट्रैफिक सिस्टम बदहाल, जाम का संकट गहराया

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। ट्रैफिक सिस्टम बदहाल होने के कारण नगर क्षेत्र में एक बार फिर से जाम का भारी संकट उत्पन्न हो गया है। खासकर टांडा उज्जैन, चीमा चौराहा, व स्टेडियम के समीप दिन में कई बार भीषण जाम लगने के गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ट्रैफिक जाम की यह नौबत अधिकांश स्थानों पर अवैध अतिक्रमण अथवा स्टोर व दुकानों के सामने आडे तिरछे वाहनों को खड़े करने की वजह से पैदा हो रही है। जातव्य है कि टांडा उज्जैन तिराहे के पास से फल कारोबारियों द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया। प्रशासन द्वारा सख्त हिदायत देने की बावजूद भी फल विक्रेता दर्जनों की तादाद में मौका पाते ही तिराहे पर पहुंच जाते हैं। यही आसपास ई रिक्शा चालकों की जमघट लगने के कारण रेलवे स्टेशन के समीप टांडा तिराहे पर जाम की नौबत बनी रहती है। चूंकि आरओ बी निर्माण के कारण रूट डायवर्ट कर दिया गया है इस कारण ट्रैफिक व्यवस्था थोड़ा प्रभावित हुई है लेकिन अधिकांश समस्या इस तरह की लापरवाही के कारण उत्पन्न हो रही है। इसी तरह दिन में कई कई बार टांडा उज्जैन चौराहे से लेकर तिराहे तक भारी जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही है। वाहन चालक नियम कायदों को मानने को तैयार नहीं ऐसे में गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। टांडा उज्जैन चौराहे पर फल के ठेले लगने के कारण समस्या और भी जटिल हो गई है। भीषण जाम के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं को गंतव्य तक पहुंचने में जहां एक और भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर नौकरी पेशा लोग भी जाम में घंटों जूझते देखे जा रहे हैं। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में प्रशासन ने सड़क के एक ओर से अतिक्रमण हटा दिया तो दूसरी ओर फल व सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर कब्जा जमा लिया। और तो और पुलिस चौकी के सामने मार्ग को अतिक्रमण कर सब्जी व फल की बिक्री की जा रही है इस तरह की स्थिति में जाम की समस्या से निजात पाना चुनौती पूर्ण है। इसी तरह चीमा चौराहे पर शाम होते ही मांसाहारी खाद्यान्न की दुकानों के सामने वाहन आडे तिरछे खड़े हो जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि चार पहिया वाहनों में जाम से जाम टकराए जाते हैं। चखना गाड़ी में भिजवाने का काम किया जा रहा है। इसी तरह मार्ग के दूसरी ओर मदिरा की दुकान पर भी वाहनों के गलत तरीके से खड़े होने के कारण जाम की समस्या पैदा हो रही है। स्टेडियम तिराहे के समीप एक तो सड़क माशा अल्लाह ऊपर से वाइन शॉप तथा इसके आसपास मांसाहारी खाद्यान्न की दुकान के समीप शाम से लेकर देर रात तक भारी जमघट लगने के कारण रोड एक्सीडेंट की आशंका प्रबल बनी रहती है।




टांडा उज्जैन क्षेत्र में लगा जाम और पार्किंग में तब्दील हाईवे

## पार्किंग में तब्दील है हाईवे, कार्यवाही से कतराते हैं यातायात कर्मी

काशीपुर। अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ ही यदि निगम प्रशासन, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस तथा सिटी पेट्रोल यूनिट मुख्य मार्ग पर बड़े स्टोर मॉल अथवा दुकानों के सामने खड़े आड़े तिरछे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नकेल कसे तो मुमकिन है जाम की समस्या से हद तक निजात पाया जा सकता है लेकिन मजे की बात है कि मुरादाबाद रोड रामनगर रोड एवं बाजपुर रोड पर व्यापारियों अस्पताल एवं स्कूल के संचालकों ने हाईवे को पार्किंग में तब्दील कर दिया है इसके बावजूद निगम के अधिकारी अथवा पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी इस पर एक्शन लेने से कतराते हैं। प्रशासन की इस कार्यशैली से नियम कायदों को ठेंगा दिखाने वालों के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं। खासकर ढेला पुल के समीप संचालित एक अस्पताल के आसपास हालात बेहद खराब हो चुके हैं। ऐसे ही क्षेत्राधिकार पुलिस कार्यालय के समीप मैजिक ऑटो का अवैध अड्डा बन चुका है। यहां हाईवे के किनारे कतारबद्ध खड़े वाहनों की वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वही गाड़ियों के नंबर लगाने के नाम पर गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है।

## लंबे समय से जमे हैं ट्रैफिक कर्मी, नहीं होता ट्रांसफर

काशीपुर। यातायात पुलिस में पिछले लंबे समय से जमे कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव जरूरी है। एसपी ट्रैफिक को गंभीरता से इसका संज्ञान लेते हुए फेर बदल कर देना चाहिए। वैसे तो पुलिस में महकमे में समय-समय पर ट्रांसफर होते रहते हैं लेकिन यहां काशीपुर में कुछ ट्रैफिक कर्मी ऐसे हैं जो पिछले कई वर्षों से जुगाड़ के बूते एक ही स्थान पर जमे है। ऐसे कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर अब उंगलियां उठने लगी है।

# स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ए एन टी एफ टीम ने चेकिंग के दौरान एक नया तस्कर को 11.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरपाल सिंह प्रभारी एएनटीएफ के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक मनोज यादव द्वारा एएनटीएफ की संयुक्त टीम शनि बाजार रोड बनभूलपुरा में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अरशद अली उर्फ मुन्ना पुत्र असगर अली निवासी शनि बाजार रोड बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 11.30 ग्राम स्मैक बरामद बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह स्मैक बहेड़ी से किसी व्यक्ति से लाया है। जिसे अधिक महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाता है। पुलिस ने बताया कि अरशद पूर्व में भी थाना भीमताल से स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है जो अभी जमानत पर चल रहा है। जिसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही हैं।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज यादव, उप निरीक्षक बलवंत कंबोज, कांस्टेबल अमनदीप सिंह, सोनू सिंह, राजेंद्र जोशी, अरविंद कार्की व मुन्ना सिंह शामिल थे।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने निकाली जागरूकता रैली

किच्छा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पोषण मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग रुद्रपुर ग्रामीण उधम सिंह नगर की ब्लॉक अध्यक्ष आगनबाडी कार्यकत्री संघठन फरजाना सैफी के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर पालिका किच्छा से प्रारंभ होकर आवास विकास किच्छा पार्क तक निकाली गई। नगर पालिका स्थित राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल से बाल विकास परियोजना अधिकारी की निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर आम जनता को गर्भवती महिलाओं के देखभाल के संबंध में जागरूक बनाने के लिए रैली निकाल कर संदेश दिया। जब महिला सशक्त होगी तो आम आदमी का परिवार भी सशक्त होगा रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए डी डी चौक पहुंची कर आवास विकास स्थित पार्क में समाप्त हुई इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बोर्ड पर स्लोगन लिखकर महिलाओं को पुष्टाहार की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से हेमा कांडपाल कुसुम लता, प्रतिमा गंगवार, उर्वशी, सुशीला, चित्रा कोली ,हेमलता, सुदेश सेतिया, उन्नति शर्मा, नीतू ,सहित लगभग 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मौजूद थी।




गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338